Ashfaque Ahmed M.I

(Pages : 5)

ME 819

Sl. No.

SSLC MODEL EXAMINATION, FEBRUARY - 2020

HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours

Total Score : **40**

सामान्य निर्देश :

- पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है।
- इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।

Score

सूचना : 'गुठ्ली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 से 3 तक के उत्तर लिखें।

> गुठ्ली रोने लगी, तो बुआ ने डाँटा, 'क्या शादी के घर में मनहूसियत फ़ैला रही है? तभी माँ ने अपने हाथ से उसका नाम कार्ड पर लिख दिया। ये अक्षर छपाई जैसे नहीं थे, फिर भी गुठ्ली माँ के प्यार से मान गई।

1. गुठ्ली रोने लगी। क्यों ? **1**

   (क) कार्ड में बुआ का नाम नहीं था।

   (ख) कार्ड में माँ का नाम नहीं था।

   (ग) कार्ड में गुठ्ली का नाम नहीं था।

   (घ) कार्ड में भाई का नाम नहीं था।

2. माँ ने गुठली से अपना प्यार कैसे प्रकट किया ? **2**

3. कार्ड देखकर गुठ्ली दुखी हुई। लेकिन माँ के प्यार से वह मान गई। गुठली उस दिन का अनुभव डायरी में लिखती है। वह **डायरी** कल्पना करके लिखें । **4**

अथवा

गुठ्ली अपना अनुभव बताते हुए सहेली के नाम पत्र लिखती है। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।

Scanned by CamScanner

Score

सूचना : 'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।

> माँ और मैनेजर में बहस होते देख वह वहाँ गया। मैनेजर ने चार्ली को माँ के कुछ दोस्तों के सामने अभिनय करते देखा था और वह उसे स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा। माँ डर गई। पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा!

4. मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने के लिए क्यों ज़िद करने लगा ? **1**

(क) चार्ली मैनेजर का प्यारा था।

(ख) चार्ली की माँ अभिनेत्री थी।

(ग) मैनेजर ने चार्ली का अभिनय देखा था।

(घ) चार्ली मैनेजर का पड़ोसी था।

5. मैनेजर ने चार्ली को स्टेज पर भेजना चाहा। लेकिन माँ तैयार नहीं हुई। इसपर चार्ली की माँ और मैनेजर के बीच की **बातचीत** लिखें। **4**

सूचना : 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 6 से 8 तक के उत्तर लिखें।

> कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
> सुबह-सुबह
> बच्चे काम पर जा रहे हैं
> हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह
> भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना
> लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह
> काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे?

6. बच्चे काम पर कब जा रहे हैं? **1**

7. 'भयानक पंक्ति'- इसमें **विशेषण** शब्द कौन-सा है? **1**

8. कवि और कविता का परिचय देते हुए प्रस्तुत **पंक्तियों का आशय** लिखें। **4**

Scanned by CamScanner

Score

सूचना : 'आई एम कलाम के बहाने' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 9 से 11 तक के उत्तर लिखें।

छोटू सिर्फ़ छोटू होकर नहीं जीना चाहता। वह खुद ही अपना नाम कलाम रख लेता है। इस नाम में उसकी आकांक्षाओं का अक्स है। उसके हाथ की बनाई चाय में जादू है। भाटी सा भी उसकी कलाकारी की वाहवाही करते नहीं थकते।

9. 'छोटू सिर्फ़ छोटू होकर नहीं जीना चाहता।' - इसका मतलब क्या है ? 1

(क) भाटी जैसा बनना।

(ख) कलाम जैसा बनना।

(ग) अमिताभ जैसा बनना।

(घ) राणा जैसा बनना।

10. छोटू की कलाकारी की प्रशंसा भाटी सा क्यों करता है ? 1

11. कोष्ठक के शब्दों से पिरामिड़ की पूर्ति करें। 2

(खुशी से, नायक)



Scanned by CamScanner

Score

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 12 से 14 तक के उत्तर लिखें।

> पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था। "साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे" बेला ने पूछा। "और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला?" साहिल ने पूछा। "मेरे पापा कह रहे थे कि तुझे राजकीय कन्या पाठशाला में पढ़ाएँगे और तुम?" "मुझे अगले साल अजमेर भेज देंगे। वहाँ एक हॉस्टल है, घर से दूर वहाँ अकेला रहूँगा।"

12. सही विकल्प चुनकर लिखें। **1**

(क) तू + से = तुझ (ख) तू + के = तुझे

(ग) तू + में = तुझे (घ) तू + को = तुझे

13. साहिल और बेला को दूसरे स्कूल क्यों जाना पड़ा? **1**

14. इस प्रसंग के अनुसार **पटकथा** का एक दृश्य लिखें। **4**

अथवा

'सच्ची दोस्ती' विषय पर **टिप्पणी** लिखें।

- आत्मसंबंध
- सुख-दुख में साथ रहना
- आपसी सहायता
- अलग होने का दुख

सूचना : 'दिशाहीन दिशा' यात्रावृत्त का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 15 से 17 तक के उत्तर लिखें।

> तीसरी ग़ज़ल सुनाकर वह खामोश हो गया। रात, सर्दी और नाव का हिलना, इन सबका अनुभव पहले नहीं हो रहा था, अब होने लगा। झील का विस्तार भी जैसे उतनी देर के लिए सिमट गया था, अब खुल गया।

15. **'खामोश हो जाना'** से तात्पर्य क्या है ? **1**

(क) मौन हो जाना (ख) वापस जाना

(ग) लेट जाना (घ) चला जाना

Scanned by CamScanner

Ashfaque Ahmed M.I

Score

16. मल्लाह के खामोश हो जाने का क्या प्रभाव लेखक पर हुआ ? 2

17. सही मिलान करें। 4

समुद्र-तटों के प्रति	सुंदर समुद्र-तट हैं।
गोआ में अनेक	गज़ल सुनाई।
मल्लाह ने नाव में बैठकर	लेखक और मित्र लीन हो गए ।
बूढ़े मल्लाह के गायन में	मोहन राकेश का विशेष आकर्षण था।

सूचना : 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 18 और 19 के उत्तर लिखें।

> कुप्पी की धुँधली रोशनी कुएँ पर आ रही थी। गंगी जगत की आड़ में बैठी मौके का इंतज़ार करने लगी। इस कुएँ का पानी सारा गाँव पीता है। किसीके लिए रोक नहीं, सिर्फ़ ये बदनसीब नहीं भर सकते।

18. नमूने के अनुसार तालिका की पूर्ति करें। 1

गंगी इंतज़ार करने लगी।	**जोखू इंतज़ार करने लगा।**
रोशनी कुएँ पर आने लगी।	प्रकाश कुएँ पर ....

19. 'जातिप्रथा अभिशाप है' का संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें। 4

अथवा

'जातिप्रथा अभिशाप है' विषय पर **लघु-लेख** लिखें।

- जातीय असमानता
- जाति के नाम अत्याचार
- समानता का अधिकार
- एक देश एक जनता

-oOo-

Scanned by CamScanner